रजिस्ट्री सं० डी (डी)-73 REGISTERED No. D(D)-73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 18] नई दिल्ली, शनिवार, मई 1, 1976/वैशाख 11, 1898
No. 18] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 1, 1976/VAISAKHA 11, 1898

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किये गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory orders and notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)

भारत निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, 17 अप्रैल, 1976

का० आ० 1519—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 13) की धारा 13-क की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत निर्वाचन आयोग, पश्चिमी बंगाल सरकार के परामर्श से, श्री रतीन्द्रनाथ सेनगुप्ता, सचिव, श्रम विभाग को उनके कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से अगले आदेशों तक पश्चिमी बंगाल राज्य के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में नाम निर्देशित करता है ।

[सं० 154/प० बं०/76]

ELECTION COMMISSION OF INDIA

New Delhi, the 17th April, 1976

S.O. 1519—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 13A of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Election Commission of India, in consultation with the Government of West Bengal, hereby nominates Shri Rathindra Nath Sengupta, Secretary, Labour Department, as the Chief Electoral Officer with effect from the date he takes charge of the office and until further orders

[No. 154/WB/76]

आदेश

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 1976

का० आ० 1520—यतः, निर्वाचन आयोग का समाधान हो गया है कि 1974 में हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा के लिए साधारण निर्वाचन के लिए 265-मिर्जापुर निर्वाचन-क्षेत्र से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार श्री मोहम्मद अहमद, ग्राम लखनपुर, पत्रालय चील्ह, जिला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 तथा तद्धीन बनाए गए नियमों द्वारा अपेक्षित अपने निर्वाचन व्ययों का लेखा रीति से दाखिल करने में असफल रहे हैं;

और, यतः उक्त उम्मीदवार के अभ्यावेदन पर विचार करने के पश्चात् निर्वाचन आयोग का यह भी समाधान हो गया है कि उसके पास इस असफलता के लिए कोई पर्याप्त कारण या न्यायोचित्य नहीं है;

11GI/76—1

अतः अब, उक्त अधिनियम की धारा 10-क के अनुसरण में निर्वाचन आयोग एतद्द्वारा उक्त श्री मोहम्मद अहमद को संसद के किसी भी सदन के या किसी राज्य की विधान सभा अथवा विधान परिषद् के सदस्य चुने जाने और होने के लिए इस आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि के लिए निरर्हित घोषित करता है ।

आदेश से,

[सं० उ०प्र०-वि०स०/265/74(548)]

ए० एन० सैन, सचिव

ORDER

New Delhi, the 19th April, 1976

S.O.1520.—Whereas the Election Commission is satisfied that Shri Mohammad Ahmed, Village Lakhanpur, P. O. Chilh, District Mirzapur, Uttar Pradesh, a contesting candidate for election to the U. P. Legislative Assembly from 265. Mirzapur assembly constituency, has failed to lodge his account of election expenses in the manner as required by the Representation of the People Act, 1951, and the Rules made thereunder;

2. And whereas, after considering the representation of the said candidate, the Election Commission is satisfied that he has no good reason or justification for such failure;

3. Now, therefore, in pursuance of section 10A of the said Act, the Election Commission hereby declares the said Shri Mohammad Ahmad to be disqualified for being chosen as and for being a member of either House of Parliament or of the Legislative Assembly or Legislative Council of a State for a period of three years from the date of this order.

[No. UP-LA/265/74 (548)]

A. N. SEN, Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व और बैंककारी विभाग)

नई दिल्ली, 17 फरवरी, 1976

आयकर

का० आ० 1521.—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि विहित प्राधिकारी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की सिफारिश पर, आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(1)(ii) के अधीन अधिसूचना सं० 91 (फा० सं० 11/8/69-आयकर अधिनियम (ii) तारीख 7 जुलाई, 1969 द्वारा भारतीय शिक्षा उन्नयन संगम, मद्रास को दिया गया अनुमोदन 1 अप्रैल, 1976 से वापस लिया जाता है ।

[सं० 1231 (फा० सं० 203/4/76-आयकर अधिनियम II)]

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue & Banking)

New Delhi, the 17th February, 1976

INCOME-TAX

S.O. 1521.—It is hereby notified for general information that the approval given under section 35(1)(ii) of the Income-tax Act, 1961 to Indian Association for the Advancement of Education, Madras by notification No. 91 (F. No. 11/8/69-ITA. II) dated 7th July, 1969 is withdrawn with effect from 1st April, 1976 on the recommendation of the prescribed Authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

[No. 1231 (F. No. 203/4/76-ITA. II)]

का०आ० 1522—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिसूचना सं० 239 (फा० सं० 203/8/74-आई० टी० ए० 2) तारीख 9-8-1971 द्वारा एल० मदन मोहन आयुर्वेदिक रिसर्च सोसाइटी, दिल्ली को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(1)(ii) के अधीन दिया गया अनुमोदन विहित प्राधिकारी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की सिफारिश पर 1-4-1976 से वापस लिया जाता है ।

[सं० 1232 (फा० सं० 203/7/76-आई० टी० ए० II)]

के० आर० राघवन, निदेशक

S.O. 1522.—It is hereby notified for general information that the approval given under section 35(1)(ii) of the Income-tax Act, 1961 to L. Madan Mohan Lal Ayurvedic Research Society, Delhi by notification No. 239 (F. No. 203/8/71-ITA. II) dated 9th August, 1971 is withdrawn with effect from 1st April, 1976 on the recommendation of the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, new Delhi

[No. 1232 (F. No. 203/7/76-ITA. II)]

K. R. RAGHAVAN, Director

आयकर

नई दिल्ली, 19 फरवरी, 1976

का० आ० 1523—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिसूचना सं० 763 (फा० सं० 203/36/74-आई० टी० ए० 2) तारीख 26-10-1974 द्वारा गुजरात अनुसंधान सोसाइटी को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(1)(ii) के अधीन दिया गया अनुमोदन, विहित प्राधिकारी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की सिफारिश पर 1-4-1976 से वापस लिया जाता है ।

[सं० 1235 (फा० सं० 203/133/75-आई० टी०ए०2)]

New Delhi, the 19th February, 1976

S.O. 1523.—It is hereby notified for general information that the approval given under section 35(1)(ii) of the Income-tax Act, 1961 to Gujarat Research Society, Bombay by notification No. 763 (F. No. 203/36/74-ITA. II) dated 26-10-74, is withdrawn with effect from 1-4-76 on the recommendation of the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

[No. 1235 (F. No. 203/133/75-ITA. I]

नई दिल्ली, 23 फरवरी, 1976

का० आ० 1524—सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि अधिसूचना सं० 566 (फा० सं० 203/15/73-आई० टी० ए० 2) तारीख 27 फरवरी, 1974 द्वारा कार्डिस लेबोरेटरीज, अहमदाबाद को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 35(1)(ii) के अधीन दिया गया अनमोदन विहित प्राधिकारी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली की सिफारिश पर 1-4-1976 से वापस लिया जाता है ।

[सं० 1241 (फा० सं० 203/149/75 आई०टी०ए० 2]

टी० जी० झुनझुनवाला, उपसचिव

New Delhi, the 23rd February, 1976

(INCOME-TAX)

S.O. 1524.—It is hereby notified for general information that the approval given under section 35(1)(ii) of the Income-tax Act, 1961 to Cadila Laboratories, Ahmedabad, by notification No. 566 (F. No. 203/15/73-ITA. II) dated 27th February, 1974 is withdrawn with effect from 1st April, 1976, on the recommendation of the prescribed authority, the Indian Council of Medical Research, New Delhi.

[No 1241 (F. No. 203/149/75-ITA. II)]
T. P. JHUNJHUNWALA, Dy. Secy.

नई दिल्ली, 15 मार्च, 1976

का०आ० 1525—केन्द्रीय सरकार आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 80-छ की उपधारा (2)(ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए श्री वीरा नारायणपेरूमल मन्दिर कुरुलई, कवालप्पन डाकघर त्रिची जिला को उक्त धारा के प्रयोजनों के लिए तमिलनाडु राज्य में सर्वत्र विख्यात लोक पूजा का स्थान अधिसूचित करती है ।

[सं० 1258 (फा० स० 176/53/75-आई० टी० ए० आई०)]
एम० शास्त्री, अवर सचिव

New Delhi, the 15th March, 1976

S.O. 1525.—In exercise of the powers conferred by sub-section (2)(b) of section 80G of the Income-tax Act, 1961(43 of 1961), the Central Government hereby notifies Shri Veeranarayanaperumal Temple, Kurulai Kavalappan P. O. Trichy District to be a place of public worship of renown throughout the State of Tamil Nadu for the purposes of the said section.

[No. 1258 (F. No. 176/53/76-IT. AI)]
M. SHASTRI, Under Secy.

(बैंकिंग पक्ष)

नई दिल्ली, 15 अप्रैल, 1976

का०आ० 1526—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 56 के साथ पठित धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर, एतद्द्वारा घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 11 की उपधारा (1) के उपबन्ध पनिहाटी को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड, पश्चिम बंगाल पर 31 मई, 1974 से 28 फरवरी, 1977 तक की अवधि के लिये लागू नहीं होंगे ।

[संख्या एफ० 8-11/76-ए०सी०]
हृषीकेश गुहा, अवर सचिव

(Banking)

New Delhi, the 15th April, 1976

S.O. 1526.—In exercise of the powers conferred by section 53 read with section 56 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of sub-section (1) of section 11 of the said Act shall not apply to the Panihati Co-operative Bank Ltd; West Bengal for the period from 31st May, 1974 to 28th February, 1977.

[No. F. 8-11/76-AC]
H. K. GUHA, Under Secy.

(राजस्व पक्ष)

आदेश

नई दिल्ली, 24 अप्रैल, 1976

स्टाम्प

का०आ० 1527.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, स्टेट इण्डस्ट्रियल एण्ड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ महाराष्ट्र लिमिटेड, मुम्बई को, उक्त निगम द्वारा जारी किए जाने वाले पांच करोड़ रुपये अंकित मूल्य के डिबेंचरों के प्ररूप में बन्धपत्रों पर स्टाम्प शुल्क मुद्दे प्रभार्य तीन लाख पचहत्तर हजार रुपये मात्र के समेकित स्टाम्प शुल्क का संदाय करने की अनुज्ञा देती है ।

[सं० 19/76-स्टाम्प/फा०सं० 471/16/76-सीमा शुल्क-7]

(Revenue Wing)

ORDER

New Delhi, the 24th April, 1976

STAMPS

S.O. 1527.—In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby permits the State Industrial and Investment Corporation of Maharashtra Limited, Bombay to pay consolidated stamp duty of three lakhs and seventy five thousand rupees only chargeable on account of the stamp duty on bonds in the form of debentures of the face value of five crores of rupees to be issued by the said Corporation.

[No. 19/76-Stamps/F. No. 471/16/76-Cus.-VII]

आदेश

का०आ० 1528.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, उस शुल्क से जो गुजरात राज्य वित्त-निगम द्वारा जारी किए जाने वाले पांच सौ लाख रुपये मूल्य के वचन-पत्रों के रूप में तदर्थ बन्धपत्र उक्त के अधीन प्रभार्य हैं, छूट देती है ।

[सं० 20/76-स्टाम्प-एफ० स० 471/14/76-सीमा शुल्क-7]
डी० के० आचार्य, अवर सचिव

ORDER

S.O. 1528.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the ad hoc bonds in the form of promissory notes to the value of five hundred lakhs of rupees to be issued by the Gujarat State Financial Corporation, are chargeable under the said Act.

[No. 20/76-Stamps/F. No. 471/14/76-Cus. VII]
D. K. ACHARYYA, Under Secy.

भारतीय रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1976

का० आ० 1529.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुसरण मे मार्च 1976 के दिनांक 26 को समाप्त हुए सप्ताह के लिए लेखा

इशू विभाग

देयताए	रुपये	रुपये	आस्तियां	रुपये	रुपये
			सोने का सिक्का और बुलियन –		
बैंकिंग विभाग मे रखे हुए नोट	37,60,68,000		(क) भारत मे रखा हुआ	182,52,51,000	
संचलन मे नोट	6535,00,90,000		(ख) भारत के बाहर रखा हुआ	..	
			विदेशी प्रतिभूतिया	271,73,97,000	
जारी किये गये कुल नोट		6572,61,58,000	जोड		454,26,48,000
			रुपये का सिक्का		12,90,26,000
			भारत सरकार की रुपया प्रतिभूतिया		6105 44 84 000
			देशी विनिमय बिल और दूसरे वाणिज्य-पत्र		..
कुल देयताए		6572,61,58,000	कुल आस्तियां		6572,61,58,000

दिनांक . 30 मार्च, 1976

आर० के० हजारी, उप गवर्नर

26 मार्च 1976 को भारतीय रिजर्व बैंक के बैंकिंग विभाग के कार्यकलाप का विवरण

देयताए	रुपये	आस्तिया	रुपये
चुकता पूजी	5,00,00,000	नोट	37,60,68,000
आरक्षित निधि	150,00,00,000	रुपये का सिक्का	4,09,000
राष्ट्रीय कृषि ऋण		छाटा सिक्का	7 54,000
(दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	334,00,00,000	खरीदे और भुनाये गये बिल	
राष्ट्रीय कृषि ऋण		(क) देशी	175,59,99,000
(स्थिरीकरण) निधि	140,00,00,000	(ख) विदेशी	
राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण		(ग) सरकारी खजाना बिल	563,24,16,000
(दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि	390,00,00,000	विदेशो मे रखा हुआ बकाया*	1246,23,86,000
जमाराशियां		निवेश**	433,53,58,000
(क) सरकारी		ऋण और अग्रिम —	
(i) केन्द्रीय सरकार	660,52,90,000	(i) केन्द्रीय सरकार को	.
(ii) राज्य सरकारें	9,99,27,000	(ii) राज्य सरकारो को‡	229,04,35,000
(ख) बैंक		ऋण और अग्रिम —	
(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंक	607,48,09,000	(i) अनुसूचित वाणिज्य बैंको को@	798,42,86,000
(ii) अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	21,03,01,000	(ii) राज्य सरकारी बैंको को@@	359,68,41,000
(iii) गैर अनुसूचित राज्य सहकारी बैंक	1,75,96,000	(iii) दूसरो को	13,64,37,000
(iv) अन्य बैंक	80,05,000	राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश	
		(क) ऋण और अग्रिम —	
		(i) राज्य सरकारो को	75,28,97,000
		(ii) राज्य सहकारी बैंको को	15,04,44,000
		(iii) केन्द्रीय भूमिबन्धक बैंको को	.
		(iv) कृषि पुनर्वित्त और विकास निगम का	94,60,00,000

देयताएं	रुपये	आस्तियां	रुपये
(ग) अन्य	1611,83,95,000	(ख) केन्द्रीय भूमिबन्धक बैंको के डिबेंचरो मे निवेश	10,11,46,000
		राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से ऋण और अग्रिम	
देय बिल	147,20,94,000	राज्य सहकारी बैंको को ऋण और अग्रिम	84,60,60,000
		राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से ऋण, अग्रिम और निवेश	
अन्य देयताएं	970,57,62,000	(क) विकास बैंक को ऋण और अग्रिम	382,60,58,000
		(ख) विकास बैंक द्वारा जारी किये गये बाडो/डिबेंचरो मे निवेश	..
		अन्य आस्तिया	530,81,85,000
रुपये	5050,21,79,000	रुपये	5050,21,79,000

*नकदी, आवधिक जमा और अल्पकालीन प्रतिभूतियां शामिल है ।

**राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि मे से किये गये निवेश शामिल नही है ।

‡राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नही है, परन्तु राज्य सरकारो को दिये गये अस्थायी ओवरड्राफ्ट शामिल है ।

@भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम की धारा 17(4)(ग) के अधीन अनुसूचित वाणिज्य बैंको को मीयादी बिलो पर अग्रिम दिये गये 33,12,00,000 रुपये शामिल है ।

@@राष्ट्रीय कृषि ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि और राष्ट्रीय कृषि ऋण (स्थिरीकरण) निधि से प्रदत्त ऋण और अग्रिम शामिल नही है ।

दिनांक 30 मार्च, 1976

आर० के० हजारी उप गवर्नर

[स० फ० 10/1)/76-बी० ओ०-I]

च० व० मीरचन्दानी, अवर सचिव

RESERVE BANK OF INDIA

S.O. 1529.—An Account pursuant to the RESERVE BANK OF INDIA ACT, 1934, for the week ended the 26th day of March, 1976.

ISSUE DEPARTMENT

LIABILITIES	Rs.	Rs.	ASSETS	Rs.	Rs.
Notes held in the Banking Department . . .	37,60,68,000		Gold Coin and Bullion :—		
			(a) Held in India . .	182,52,51,000	
Notes in circulation . .	6535,00,90,000		(b) Held outside India	..	
Total notes issued . . .		6572,61,58,000	Foreign Securities . .	271,73,97,000	
			TOTAL		454,26,48,000
			Rupee Coin . . .		12,90,26,000
			Government of India Rupee Securities . . .		6105,44,84,000
			Internal Bills of Exchange and other commercial paper		..
TOTAL LIABILITIES . . .		6572,61,58,000	TOTAL ASSETS . . .		6572,61,58,000

Dated the 30th day of March, 1976

R. K. HAZARI, Dy. Governor

New Delhi the 6th April, 1976

Statement of the Affairs of the Reserve Bank of India, Banking Department as on the 26th March, 1976

LIABILITIES	Rs.	ASSETS	Rs.
Capital Paid up	5,00,00,000	Notes	37,60,68,000
		Rupee Coin	4,09,000
Reserve Fund	150,00,00,000	Small Coin	7,54,000
National Agricultural Credit (Long Term Operations Fund)	334,00,00,000	Bills Purchased and Discounted:— (a) Internal	175,59,99,000
		(b) External	..
National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund	140,00,00,000	(c) Government Treasury Bills	563,24,16,000
		Balances Held Abroad*	1246,23,86,000
		Investments**	433,53,58,000
National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund	390,00,00,000	Loans and Advances to : (i) Central Government	..
		(ii) State Governments‡	229,04,35,000
Deposits:—		Loans and Advances to:—	
(a) Government :		(i) Scheduled Commercial Banks@	798,42,86,000
(i) Central Government.	660,52,90,000	(ii) State Co-operative Banks@ @	359,68,41,000
(ii) State Governments	9,99,27,000	(iii) Others	13,64,37,000
(b) Banks :		Loans, Advances and Investments from National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund :	
(i) Scheduled Commercial Banks	607,48,09,000		
(ii) Scheduled State Co-operative Banks	21,03,01,000	(a) Loans and Advances to :—	
(iii) Non-Scheduled State Co-operative Banks	1,75,96,000	(i) State Governments	75,28,97,000
(iv) Other Banks	80,05,000	(ii) State Co-operative Banks	15,04,44,000
(c) Others Bills Payable	1611,83,95,000	(iii) Central Land Mortgage Banks	..
Other Liabilities	147,20,94,000	(iv) Agricultural Refinance & Development Corporation	94,60,00,000
	970,57,62,000	(b) Investment in Central Land Mortgage Bank Debentures	10,11,46,000
		Loans and Advances from National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund	
		Loans and Advances to State Co-operative Banks	84,60,60,000
		Loans, Advances and Investments from National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund—	
		(a) Loans and Advances to the Development Bank	382,60,58,000
		(b) Investment in bonds/debentures issued by the Development Bank	..
		Other Assets	530,81,85,000
RUPEES	5050,21,79,000	RUPEES	5050,21,79,000

*Includes Cash, Fixed Deposits and Short-term Securities.

**Excluding Investments from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund and the National Industrial Credit (Long Term Operations) Fund.

†Excluding Loans and Advances from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund, but including temporary overdrafts to State Governments.

@Includes Rs. 33,12,000 advances to scheduled commercial banks against usance bills under Section 17(4) (c) of the Reserve Bank of India Act.

@ @ Excluding Loans and Advances from the National Agricultural Credit (Long Term Operations) Fund and the National Agricultural Credit (Stabilisation) Fund.

R. K. HAZARI Dy. Governor.

[F.No. 10(1)/76-BOI]

Dated the 30th day of March, 1976

C. W. MIRCHANDANI, Under Secy.

(बैंकिंग पक्ष)

नई दिल्ली, 6 अप्रैल, 1976

का० आ० 1530.—बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (1949 का 10) की धारा 53 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक की सिफारिश पर एतद्द्वारा यह घोषणा करती है कि उक्त अधिनियम की धारा 9 के उपबन्ध कैथोलिक सीरियन बैंक लिमिटेड, त्रिचूर पर पालाकुझा ग्राम, मुवाट्टुपुझा ताल्लुक, जिला एर्नाकुलम, केरल राज्य में इसके द्वारा धारित 2.59 एकड़ अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में 5 अप्रैल, 1977 तक लागू नहीं होंगे।

[सं० 15(13)-बी०ओ० III/76)]

मे० भा० उसगावकर, अवर सचिव

(Department of Banking)

New Delhi, the 6th April, 1976

S.O. 1530.—In exercise of the powers conferred by section 53 of the Banking Regulation Act, 1949 (10 of 1949), the Central Government, on the recommendation of the Reserve Bank of India, hereby declares that the provisions of section 9 of the said Act, shall not apply till the 5th April, 1977, to the Catholic Syrian Bank Ltd., Trichur, in respect of the immovable property measuring 2.59 acres held by it at Palakuzha Village, Muvattupuzha Taluk, Ernakulam District, Kerala State.

[No. 15(13)-B.O. III/76]

M. B. USGAONKAR, Under Secy.

नई दिल्ली, 8 अप्रैल, 1976

का० आ० 1531.—राज्य वित्तीय निगम अधिनियम, 1951 (1951 का 63) की धारा 46 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा यह निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा 35-क के उपबन्ध तमिलनाडु इण्डस्ट्रियल इनवेस्टमेन्ट कारपोरेशन लिमिटेड, मद्रास पर लागू होंगे।

[संख्या एफ० 11-57/73-आई०एफ० II]

म० कृ० वेंकटाचलम्, संयुक्त सचिव

New Delhi, the 8th April, 1976

S.O. 1531.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 46 of the State Financial Corporation Act, 1951 (63 of 1951), the Central Government hereby directs that the provisions of section 35A of the said Act shall apply to the Tamil Nadu Industrial Investment Corporation Limited, Madras.

[No. F. 11-57/73-IF. II]

M. K. VENKATACHALAM, Jt. Secy.

केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

नई दिल्ली, 21 फरवरी, 1976

(आयकर)

का० आ० 1532.—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 126 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, अपनी अधिसूचना संख्या I (फा० सं० 55/233/63-आयकर) तारीख 18-5-64 से उपाबद्ध अनुसूची में निम्नलिखित वृद्धि करता है। उक्त अनुसूची में क्रम सं० 82 के पश्चात् निम्नलिखित मद जोड़ी जाएगी।

अनुसूची

क्रम सं०	व्यक्ति	आयकर अधिकारी	आयकर आयुक्त (अपील)	सहायक आयकर आयुक्त (अपील)	आयकर आयुक्त
1	2	3	4	5	6
83.1	ऐसे व्यक्ति जो भारत में अधिवसित नहीं हैं और ऐसे व्यक्ति, जो अपने प्रस्थान के समय भारत में अधिवसित तो हो किन्तु आयकर प्राधिकारी की राय में भारत वापस लौटने का आशय नहीं रखते है और ऐसे व्यक्ति जिनका उससे पहले भारत में कहीं भी निर्धारण न हुआ हो और जिन्होंने आयकर अधिकारी, विदेश अनुभाग, पुणें को आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 230(1) के अधीन विहित प्रमाणपत्र के लिए आवेदन दिया है।	आयकर अधिकारी विदेश अनुभाग पुणें	आयकर आयुक्त (अपील) पुणें, रेंज-1 पुणें	सहायक आयकर आयुक्त (अपील) रेंज-1 पुणें	आयकर आयुक्त पुणें-1, पुणे

यह अधिसूचना 1-3-1976 से प्रभावी है।

[सं० 1240 (फा०सं० 187/11/75-आ०क० अ० I)]

एम० शास्त्री, अवर सचिव

CENTRAL BOARD OF DIRECT TAXES

New Delhi, the 21st February, 1976

(INCOME-TAX)

S.O. 1532 —In exercise of the powers conferred by Section 126 of the I.T. Act, 1961 (43 of 1961) the Central Board of Direct Taxes hereby makes the following addition to the Schedule annexed to its Notification No. 1 (F No. 55/233/63-IT) dated 18-5-64 After S. No. 82 in the said Schedule, the following item shall be added.

SCHEDULE

S.No.	Persons	I.T.O.	I.A.C.	A.A.C.	C.I.T.
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
83.	1. Persons not domiciled in India and person who even if domiciled in India at the time of their departure have in the opinion of Income-Tax authority no intention of returning to India and persons who are not previously assessed anywhere in India and who apply for the certificate prescribed u/s 230(1) of the I.T. Act, 1961, to the I.T.O., Foreign Section, Poona.	ITO, Foreign Section, Poona.	IAC, Poona [Range-I, Poona.	AAC, Poona Range-I, Poona.	CIT, Poona-I, Poona.

2. This Notification shall take effect from 1-3-76.

[No. 1240(F.No.187/11/75-II.AI)]

M. SHASTRI, Under Secy.

नई दिल्ली, 11 मार्च, 1976

आयकर

का० आ० 1533—केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 194-क की उपधारा (3) के खण्ड (iii) के उपखण्ड (च) के अनुसरण में निम्नलिखित व्यक्तियों को उक्त उपखण्ड के प्रयोजन के लिए अधिसूचित करती है ।

1. मैसर्स अमृत लाल रावजी भाई पारेख, स्वामी, चन्द्राखण्ड अमृतलाल पारेख, बड़ौदा ।
2. मैसर्स अमृतलाल रावजी भाई पारेख, स्वामी मुकुन्दलाल अमृतलाल पारेख, नाडियाड ।
3. मैसर्स अमृतलाल रावजी भाई पारेख, स्वामी बालकृष्ण अमृतलाल पारेख, आनन्द ।

[सं० 1253 (फा० सं० 275/69/75-आई टी०जे०)]

के० आर० राघवन, निदेशक

New Delhi, the 11th March, 1976

INCOME TAX

S.O.1533.—In pursuance of the sub-clause (f) of clause (iii) of sub-section 3 of Section 194A of the Income tax Act 1961, (43 of 1961) the Central Government hereby notifies the following persons for the purpose of the said sub-clause.

1. M/s. Amratlal Ravjibhai Parikh, Prop : Chandrakand Amratlal Parikh, Baroda.
2. M/s. Amratlal Ravjibhai Parikh, Prop : Mukundlal Amartlal Parikh, Nadiad.

M/s. Amratlal Ravjibhai Parikh, Prop : Balkrishna Amratlal Parikh, Anand.

[No. 1253 (F. No. 275/69/75-ITJ)]

K. R. RAGHAVAN, Dir.

नई दिल्ली, 24 मार्च, 1976

का० आ० 1534—आयकर अधिनियम 1961 (1961 का 43) की धारा 230-ए की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, एतद्द्वारा, यह अधिसूचित करता है कि उक्त धारा की उपधारा (1) के उपबन्ध निम्नलिखित पर लागू नहीं होंगे —

(क) कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 का 1) की धारा 617 में यथापरिभाषित सरकारी कम्पनी; और

(ख) केन्द्रीय, राज्य, अथवा प्रादेशिक अधिनियम द्वारा अथवा उसके अधीन स्थापित निगम ।

[सं० 27/1976/फा० सं० 358/8/74-आयकर (धनकर)]

एच० एन० मण्डल, अवर सचिव

New Delhi, the 24th March, 1976

S.O. 1534.—In exercise of the powers conferred by sub-section (3) of Section 230A of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Board of Direct Taxes hereby notifies that the provisions of sub-section (1) of the said section shall not apply to :—

(a) a Government company as defined in section 617 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956); and

(b) a corporation established by or under a Central, State or Provincial Act.

[No. 27/1976/F. No. 358/8/74-IT(WT)]

H. N. MANDAL, Under Secy.

सीमाशुल्क और केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कलक्टरेट

(केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क पक्ष)

कोचीन, 22 जनवरी, 1976

(केन्द्रीय उत्पाद शुल्क)

का० आ० 1535.—केन्द्रीय उत्पाद शुल्क नियम, 1944 के नियम 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं इस कलक्टरेट की अधिसूचना

सं० 3/67 तारीख 19 जनवरी, 1967 में निम्नलिखित संशोधन करता हूं, अर्थात् :—

उक्त अधिसूचना में, उसकी सारणी में क्रम सं० 55 के सामने स्तंभ 4 में, "विनिर्माण के सूत्र के अनुमोदन से संबंधित शक्ति", शब्दों के पश्चात् "और विनिर्माण करने वाले कारखाने से, प्राप्त करने वाले कारखाने तक उत्पाद शुल्क माल को ले जाने के लिए विहित समय सीमा बढ़ाने की शक्ति" शब्द जोड़े जाएंगे ।

[अधिसूचना सं० 1/76-सी०ई० सी० सं० (19) 30/29/75-सी एक्स 1]

एस० वेंकटराम अय्यर, कलक्टर

COLLECTORATE OF CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE (CENTRAL WING)

Cochin, the 22nd January, 1976

CENTRAL EXCISE

S.O. 1535.—In exercise of the powers conferred by rule 5 of the Central Excise Rules 1944, I hereby make the following amendment to this Collectorate Notification No. 3/67 dated the 19th January, 1967, namely :—

In the said Notification in the Table thereto, in Column 4 against serial No. 55, after the words, "All powers except the power in regard to the approval of formula of manufacture", the words, "and the power to extend the limit prescribed for conveying the excisable goods from the manufacturing factory to the receiving factory" shall be added.

[No. 1/76-CE. C. V (19) 30/29/75 CX. 1]

S. VENKATARAMA IYER, Collector.

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, 1 मई, 1976

का० आ० 1536.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी, नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जूतों का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1967 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है :

1. (1) इन नियमों का नाम जूतों का निर्यात (निरीक्षण) संशोधन नियम, 1976 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. जूतों का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1967 में, नियम 7 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"7. अपील—(1) अभिकरण द्वारा नियम 4 के उप-नियम (5) के अधीन प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देने से व्यथित कोई व्यक्ति, उसे ऐसे इंकार की संसूचना प्राप्त होने से दस दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किए गए विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा जिसमें तीन से कम और सात से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे ।

(2) पैनल में, विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे ।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन होगी ।

(4) अपील, उसके प्राप्त होने से पन्द्रह दिन के भीतर निपटाई जाएगी" ।

[सं० 6(5)/74/ई-आई०एण्ड ई०पी०]

MINISTRY OF COMMERCE

New Delhi, the 1st May, 1976

S.O. 1536.—In exercise of the powers conferred by Section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Export of Footwear (Inspection) Rules, 1967.

1. (1) These rules may be called the Export of Footwear (Inspection), Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Export of Footwear (Inspection) Rules, 1967 for rule 7, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Appeal—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (5) of rule 4, may, within ten days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three but not more than seven persons, appointed for the purpose by the Central Government.

(2) The panel will consist atleast two-third of non-official of the total membership of the panel of experts.

(3) The quorum for the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within 15 days of its receipt".

[No. 6(5)/74/EI&EP]

का० आ० 1537.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, गम कराया का निर्यात (निरीक्षण) संशोधन नियम, 1966 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है :

1. (1) इन नियमों का नाम गम कराया का निर्यात (निरीक्षण) संशोधन नियम, 1976 है ।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. गम कराया का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1966 में, नियम 7 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"7. अपील—(1) अभिकरण द्वारा नियम 4 के उप-नियम (5) के अधीन प्रमाणपत्र देने से इंकार कर देने से व्यथित कोई व्यक्ति, उसे ऐसे इंकार की संसूचना प्राप्त होने से दस दिन के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किए गए विशेषज्ञों के पैनल की अपील कर सकेगा जिसमें तीन से कम और सात से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे ।

(2) पैनल में विशेषज्ञों के पैनल का कुल सदस्यता के कम से कम दो-तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे ।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन होगी ।

(4) अपील, उसके प्राप्त होने से पन्द्रह दिन के भीतर निपटा दी जाएगी ।"

[सं० 6(5)/74/ई० आई० एण्ड ई० पी०]

S.O. 1537.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection), Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Export of De-oiled Rice Bran (Inspection) Rules, 1966.

1. (1) These rules may be called the Export of De-oiled Rice Bran (Inspection) Second Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Export of De-oiled Rice Bran (Inspection) Rules, 1966, for the rule 7, the following rule shall be substituted, namely :—

"7. Appeal—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (4) of rule 4, may within ten days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than three, but not more than seven persons appointed for the purpose by the Central Government.

(2) The panel will consist of atleast two-third of on non-officials of the total membership of the panel of experts.

(3) The quorum for the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within 15 days of its receipt".

[No. 6(5)/74/EI&EP]

S.O. 1538.—In exercise of the powers conferred by section 17 of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963), the Central Government hereby makes the following rules further to amend the Export of Gum Karaya (Inspection) Amendment Rules. 1966.

1. (1) These rules may be called the Export of Gum Karaya (Inspection) Amendment Rules, 1976.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Export of Gum Karaya (Inspection) Amendment Rules, 1966, for rule 5, the following rules shall be substituted, namely :—

"5" "Appeal—(1) Any person aggrieved by the refusal of the agency to issue a certificate under sub-rule (5) of rule 4, may, wthin ten days of the receipt of the communication of such refusal by him, prefer an appeal to a panel of experts consisting of not less than threo but not more than seven persons, appointed for the purpose by the Central Government.

(2) The panel will consist of atleast two-third of non-official of the total membership of the panel of experts.

(3) The quorum for the panel shall be three.

(4) The appeal shall be disposed of within 15 days of its receipt".

[No. 6(5)/74/EI&EP]

का० आ० 1538.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी, नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1973 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, तेल रहित चावल की भूसी का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1966 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है.

1. (1) इन नियमों का नाम तेल-रहित चावल की भूसी का निर्यात (निरीक्षण) द्वितीय संशोधन नियम, 1976 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. तेल रहित चावल की भूसी का निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1966 में, नियम 7 के स्थान पर, निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"7. अपील—(1) अभिकरण द्वारा नियम 4 के उप-नियम (4) के अधीन प्रमाण-पत्र देने से इंकार से व्यथित कोई व्यक्ति, ऐसे इंकार की सूचना प्राप्त होने से दस दिन के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त किए गए विशेषज्ञों के पैनल को अपील कर सकेगा, जिसमें तीन से कम और सात से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे।

(2) पैनल में, विशेषज्ञों के पैनल की कुल सदस्यता के कम से कम दो तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन होगी।

(4) अपील, उसके प्राप्त होने से पन्द्रह दिन के भीतर निपटाई जाएगी।

[सं० 6(5)/74/ई० आई० एण्ड ई० पी०]

आदेश

का० आ० : 1539.—यत: केन्द्रीय सरकार की राय है कि निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केकड़े के डिब्बा-बंद मांस का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाए;

और यत: केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रयोजन के लिए नीचे विनिर्दिष्ट प्रस्ताव बनाए हैं तथा उन्हें निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम II के उप-नियम (2) की अपेक्षानुसार निर्यात निरीक्षण परिषद् को भेज दिया है,

अब यत: केन्द्रीय सरकार, उक्त उपनियम के अनुसरण में जनता की, जिसकी उससे प्रभावित होने की संभावना है, सूचना के लिए उक्त प्रस्तावों को प्रकाशित करती है;

सूचना दी जाती है कि उक्त प्रस्तावों के बारे में कोई आक्षेप या सुझाव देने की वांछा रखने वाला कोई व्यक्ति उन्हें इस आदेश के राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से तीस दिन के भीतर, भारत के निर्यात निरीक्षण परिषद् 14/1-बी, एजरा स्ट्रीट (आठवीं मंजिल) कलकत्ता-700001 को भेज सकेगा।

प्रस्ताव

(1) यह अधिसूचित करना कि केकड़े के डिब्बा-बंद मांस का निर्यात से पूर्व क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण किया जाएगा;

(2) इस आदेश के उपाबन्ध-1 में दिए गए केकड़े के डिब्बा-बंद मांस के निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 के प्रारूप के अनुसार निरीक्षण के प्रकार को ऐसे प्रकार के निरीक्षण के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो निर्यात से पूर्व केकड़े के डिब्बा-बन्द मांस को लागू होगा;

(3) इस आदेश के उपाबंध-II में दिए गए विनिर्देशों को केकड़े के डिब्बा-बंद मास के लिए मानक विनिर्देशों के रूप मे मान्यता देना, तथा

(4) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दौरान, केकड़े के डिब्बा-बंद मास के निर्यात को तब तक प्रतिषिद्ध करना जब तक कि उसके साथ निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली तथा मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी किया गया इस आशय का प्रमाण-पत्र न हो कि ऐसे केकड़े के डिब्बा-बंद मास का परेषण क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण संबंधी शर्तों को पूरा करता है और वह निर्यात योग्य है।

2. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को थल, समुद्र या वायु मार्गों द्वारा केकड़े के डिब्बा बंद मांस के नमूनों के निर्यात करने पर लागू नहीं होगी, परन्तु यह तब जब कि ऐसे नमूनों का जल-रहित शुद्ध भार 4 कि०ग्रा० से अधिक न हो।

3. इस आदेश में केकड़े के डिब्बा-बंद मास से लवण जल मे डिब्बा-बंद खाद्य केकड़े का मांस अभिप्रेत है।

उपाबन्ध-1

[पैरा 1 का उप-पैरा (2) देखिए]

निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 के अन्तर्गत बनाए जाने के लिए प्रस्तावित नियमों का प्रारूप।

(1) संक्षिप्त नाम :—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम केकड़े के डिब्बा-बंद मांस निर्यात (निरीक्षण) नियम, 1976 है।

(2) परिभाषाएं.—इन नियमों मे, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है।

(ख) 'अभिकरण' से अधिनियम, की धारा 7 के अधीन मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित अभिकरणों में से कोई अभिकरण अभिप्रेत है।

(ग) 'केकड़े के डिब्बा-बंद मास' से लवण जल मे डिब्बा-बंद खाद्य केकड़े का मांस अभिप्रेत है।

(3) निरीक्षण का आधार.—निर्यात के लिए केकड़े के डिब्बा-बंद मास का निरीक्षण यह देखने के विचार से किया जाएगा कि वह अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त मानक विनिर्देशों के अनुरूप है।

(4) निरीक्षण की प्रक्रिया :—(1) केकड़े के डिब्बा-बंद मास के निर्यात का इच्छुक निर्यात-कर्ता निर्यात के लिए आशयित परेषण की विशिष्टियां देते हुए अभिकरण के निकटतम कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करेगा जिससे वह ऐसे परेषण की यह देखने के लिए जांच कर सके या करवा सके कि क्या वह नियम 3 में निर्दिष्ट विनिर्देशों के अनुरूप है तथा निर्यात-कर्ता उसी समय ऐसी सूचनाओं की एक प्रति निर्यात निरीक्षण परिषद् के निकटतम कार्यालय को पृष्ठांकित करेगा।

(2) उपनियम (1) के अधीन प्रत्येक आवेदन, निर्यातकर्ता के परिसर से परेषण के भेजने के प्रत्याशित समय से कम से कम 15 दिन पहले अभिकरण के कार्यालय में पहुंच जाएगा।

(3) उपनियम (2) में निर्दिष्ट आवेदन प्राप्त होने पर अभिकरण, इस विषय मे निर्यात निरीक्षण परिषद् द्वारा समय समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुसार केकड़े के डिब्बा-बंद मांस के परेषण का निरीक्षण इस आशय से करेगा कि वह नियम 3 में निर्दिष्ट मान्यता प्राप्त विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है।

(4) निर्यातकर्ता अभिकरण को समस्त आवश्यक सुविधाएं देगा जिससे वह ऐसा निरीक्षण कर सके।

(5) निरीक्षण शुल्क.—निर्यात-कर्ता द्वारा पचास रुपए की न्यूनतम की सीमा में रहते हुए, अभिकरण को प्रत्येक परेषण के लिए पोत पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के 0.5 प्रतिशत की दर से फीस, निरीक्षण फीस के रूप में दी जाएगी।

(6) निरीक्षण का प्रमाणपत्र:— यदि निरीक्षण के पश्चात् अभिकरण का यह समाधान हो जाता है कि निर्यात किए जाने वाले केकड़े के डिब्बा-बन्द मांस का परेषण नियम 3 में निर्दिष्ट मान्यता-प्राप्त विनिर्देशों की अपेक्षाओं के अनुरूप है, तो अभिकरण, आवेदन के 15 दिन के भीतर, यह घोषित करते हुए प्रमाण-पत्र दे देगा कि केकड़े के डिब्बा-बंद मांस का परेषण, क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण संबंधी शर्तों को पूरा करता है तथा वह निर्यात योग्य है।

परन्तु जहा अभिकरण का इस प्रकार समाधान नहीं होता है, वहा वह 15 दिन की उक्त अवधि के भीतर ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर देगा तथा इस प्रकार इन्कार किए जाने की सूचना उसके कारणो सहित निर्यात-कर्ता को देगा।

(7) अभिकरण, पोत-लदान, से पूर्व भण्डारकरण या अभिवहन के किसी भी स्थान पर निरीक्षण परेषण का ऐसा पर्यवेक्षण कर सकेगा। जो वह इन नियमो के प्रयोजन के समाधान के लिए आवश्यक समझे।

(8) अपील.—(1) निर्यात कर्ता नियम 6 के अधीन अभिकरण द्वारा ऐसा प्रमाण-पत्र देने से इन्कार कर देने पर, उसके द्वारा इन्कार की संसूचना प्राप्त होने के 3 दिन के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस प्रयोजन के लिए नियुक्त तीन से अन्यून किन्तु सात से अनधिक विशेषज्ञो के पैनल को अपील कर सकेगा।

(2) विशेषज्ञों के पैनल मे कम से कम दो तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

(3) पैनल की गणपूर्ति तीन की होगी।

(4) अपील का निपटारा पन्द्रह दिनों के भीतर किया जाएगा।

उपाबन्ध-2

[पैरा 1, के उप-पैरा (3) देखिए]

डिब्बा-बंद केकड़े के मांस के लिए विनिर्देश

1. कच्ची सामग्री :

1. 1. डिब्बे में बंद करने के लिए मांस स्वस्थ, ताजे पकड़े हुए, जीवित एवं सख्त खोल वाले केकड़े का होगा।

2. डिब्बे.—

2. 1. केकड़े का मास को केवल टिकाऊ कागज या अच्छी क्वालिटी के चिकने कागज को अस्तर सहित भली प्रकार से प्रलाक्षित डिब्बे में पैक किया जाएगा।

2. 2. खोलने से पहले डिब्बों मे कम से कम 100 मि०मी० का खाली स्थान होगा।

2. 3. डिब्बा मे पिचकन, दिखाई देने वाला जंग या रिसाव नहीं होंगे।

3. लवण-जल.—

3. 1. लवण-जल हल्का-सा कोलायडीय होगा और 24 घंटे के लिए निम्न तापमान (4° सें०) पर भण्डारकरण किए जाने पर गाढ़ा नहीं होगा।

3. 2. लवण-जल में नमक की मात्रा 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

4. पैकिंग .—

4. 1. केकड़े के शरीर का मांस और पंजे का मास मिलाया नही जाएगा और उन्हें क्रेता और विक्रेता के मध्य हुई संविदा के निबन्धनों की शर्तों के अनुसार परतो में पैक किया जाएगा। अन्यथा, पजों का मांस अलग-अलग परतो में सबसे ऊपर या सबसे नीचे पैक किया जाएगा।

4. 2. डिब्बे मे एक ही जाति के केकड़े का मांस पैक किया जाएगा।

5. जल-रहित भार :—

5. 1. प्रत्येक डिब्बे की सामग्री का जल-रहित भार, डिब्बे की कुल पानी की क्षमता के 65 प्रतिशत से कम नही होगा।

5. 2 मांस का जल-रहित भार, घोषित भार से कम नही होगा।

6. अभीनिन्द्रय क्वालिटी :—

6. 1. डिब्बे को खोलने पर उसमें भरी सामग्री में केकड़े के मांस की विशिष्ट रंग और गंध होगी और उससे कोई बाह्य गंध नही आएगी।

6. 2. सामग्री, ताजे पके हुए केकड़े के मांस की विशिष्ट गंध से भिन्न अन्य गंधों से तथा केकड़े के मांस मे भिन्न अन्य सामग्री मुक्त होगी।

6. 3. मास का रंग ऐसे नीले-पन लिए हुए नहीं होगा जो उसके खराब होने का संकेत करता है।

6. 4 पैक किए हुए डिब्बों मे, खाद्य अपमिश्रण निवारण नियमो के अधीन अनुज्ञात परिरक्षण एवं स्थिरक तत्व हो सकेंगे।

6. 5. डिब्बे की सामग्री में द्रवीकरण का कोई चिह्न नहीं होगा।

7. जीवाणु-विषयक क्रियाकलाप :—

7. 1. थियोग्लाइकोलेट सिस्टाइग्रैस ब्रोथ में चौबीस घंटों तक 37° से० पर उष्मायन के पश्चात् डिब्बे की सामग्री मे किसी प्रकार की वृद्धि नही होगी।

8. संकेतन :—

8. 1. डिब्बों पर जल-रहित भार, उत्पादक का नाम या उसकी फैक्ट्री का संकेतन विनिर्माण का वर्ष, मास तथा तारीख के अंकने समुद्भूत किए जाएंगे। डिब्बों पर संक्षिप्त रूप से समुद्भरण के लिए एक उदाहरण नीचे दिया जा रहा है।

'5 एक्स वाई जेड
607 के'

इसमें :—

